शिक्षित बनो ! संगठित रहो !! संघर्ष करो !!!

Rashtriya Shoshit Parishad (Regd.) No.: S/13390

(Recognised by the Govt. of India & exempted U/S 80G of the Income Tax Act. 1961)

राष्ट्रीय शोषित परिषद् (रजि०)

(A Council for the Welfare of SC/ST)

President :
JAI BHAGWAN JATAV
Tel. : 26192066
Mob. : 9810634677, W : 9810634655

B-2 Extn./2,
St. No. 7, Krishna Nagar,
Safdarjung Enclave,
New Delhi-110029

Ref. No. RSP/2018/MoH&UA/ 5875

Dated 10[th] August, 2018

प्राप्तकर्ता/RECEIVER
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
Ministry of Housing and Urban Affairs
केन्द्रीय रजि० अनुभाग
C. R. Section
निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011
Nirman Bhawan, New Delhi-110011
21/08/18
Sec

सेवा में

श्री हरदीप सिंह पूरी जी
माननीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री
(स्वतंत्र प्रभार), निर्माण भवन
नई दिल्ली – 110011

विषयः दिल्ली में आवास एवं व्यावसायिक गतिविधियों में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्गों के साथ हो रहे भेद–भाव पूर्ण रवैय्या अपनाने के सम्बन्ध में मिलने का समय देने के लिए प्रार्थना पत्र

माननीय पूरी साहेब,

दिल्ली में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्गों के साथ दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा भेदभाव पूर्ण रवैय्या अपनाने का निश्चय किया हुआ है। हमने डीडीए के उपाध्यक्ष से भी मिलने का कई बार अनुरोध किया परन्तु उपाध्यक्ष महोदय ने कभी भी हमारे प्रतिनिधिमण्डल के साथ मिलने की सहमति नहीं जतायी और हमें अपनी समस्याएं रखने का मौका ही नही दिया।

इससे भी बड़े दुखः की बात है कि हम आपके सम्मुख भी अपनी समस्या रखने की कई बार कोशिश की परन्तु आपने भी हमारे प्रतिनिधिमण्डल को कभी कोई समय ही नहीं दिया और हमारे पत्रों को कुडेदान की टोकरी में ड़ाल दिया। ऐसा लगता है कि आपकी नजरों में दिल्ली की दलित समाज की एक चौथाई जनता की समस्या को कल करने की कोई रूचि ही नहीं है। हमारे पास आपके खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के अलावा कोई विकल्प ही नहीं बचा है, क्योंकि आप दलितों की समस्याओं का कोई निदान ही नहीं करना चाहते। हम इस देश के ही निवासी हैं और सरकार की भी हमारे विकास के प्रति जुम्मेदारियॉ हैं, और दलितों के कुछ संदैधानिक अधिकार भी हैं। आप हमारी समस्याओं को दरकिनार करते आ रहे हैं। जबकि इस देश को बनाने में दलित वर्ग का भी बड़ा बहुत सहयोग है। इसीलिए आपसे पुनः आग्रह है कि आप हमारे पॉच सदस्यीय प्रनिनिधिमण्डल को मिलने का समय देवें और हमारी समस्याओं के निदान के लिए कुछ ठोस कार्यवाही करने का कष्ट करें।

इसलिए आपसे निवेदन है कि आप हमारी समस्याओं को सुनने के लिए एक पॉच सदस्यीय प्रनिनिधिमण्डल को मिलने का समय निश्चित कर सूचित करने का कष्ट करें।

धन्यवाद सहित,

JBhagwan

जय भगवान जाटव
अध्यक्ष